आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.01.2021

"यूजर डिपो मॉडयूल" (UDM) को किया रॉल आउट

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक श्री वी0 एम0 श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 07.01.2021 को "यूजर डिपो मॉडयूल" (UDM) के कार्यान्वयन का शुभारंभ किया गया। इस मॉडयूल को कार्यान्वित करने वाला आरेडिका भारतीय रेल का प्रथम एवं अग्रणी उत्पादन इकाई है।

रेलवे की आपूर्ति श्रृंखला पहले से हीं डिजिटल हो चुकी है परन्तु उपभोगकर्ताओं के स्तर पर कुछ गतिविधियाँ मैनुअल रूप से ही की जा रही है। इस प्रणाली के कार्यान्यवन से सभी उपयोगकर्ताओं के वास्तविक समय के लेन–देन और ऑनलाईन सूचना के आदान–प्रदान तथा माँगपत्र जारी करने से खपत होने तक का पूर्ण लेखा–जोखा ऑनलाईन उपलब्ध हो सकेगा। इस प्रणाली से गुणवत्ता में सुधार, लागत में कमी, सामग्री की उपलब्धता, पैन इंडिया बेसिस पर ऑनलाईन सामग्री की सूचना प्राप्ति के साथ–साथ सामग्री के लेन–देन में पारदर्शिता बढ़ेगी।

श्री संदीप शुक्ला, मुख्य सामग्री प्रबंधक/पी0, श्री एस0 के0 रावत, मुख्य यॉंत्रिक अभियंता/पी0– I, एवं श्री एस0 एस0 कैरो, मुख्य यॉंत्रिक अभियंता/पी0– II तथा उनकी टीमों द्वारा नियमित सार्थक प्रयासों के कारण मॉडयूल को अतिशीघ्र लागू करना संभव हो सका है। यह उपयोगकर्ता डिपो सहित "पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला" का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करेगा।

महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में इस प्रणाली के कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारियों एवं उनकी टीम को बधाई दी तथा कार्यों की दक्षता एवं पारदर्शिता बढ़ाने के क्रम में एक उपलब्धि बताते हुए अन्य सभी उपयोगकर्ताओं को भी इस प्रणाली को अपने संबंधित गतिविधियों में शामिल करने को कहा।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री पी0 एन0 पाण्डेय, प्रधान वित्त सलाहकार श्री जे0 एन0 पाण्डेय, प्रधान मुख्य अभियंता श्री रामवृक्ष यादव, मुख्य यांत्रिक अभियंता/आई. टी. श्री प्रंजीव सक्सेना, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

08/01/2021

(वी. के. दूबे)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी